(27)

प्रारूप– 11

**परियोजना का नामः–** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत गडथ (दिवारीखोल) से गडथ लिंक मोटर मार्ग का निर्माण (लम्बाई –4.875 किमी0) के निर्माण हेतु 3.5975 है0 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।

# प्रतिवेदन

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज–8 के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के चिन्यालीसौड ब्लाक में ग्राम गडथ कोड संख्याः 0053000 जनसंख्या 372 (वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार) को मोटर मार्ग से जोड़ने हेतु राज्य राजमार्ग बडेथी–बनचौरा–बद्रीगाड मोटर मार्ग के किमी 37.00 में दिवारीखोल से मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना है। इस हेतु ग्राम्य विकास विभाग उत्तराखण्ड शासन देहरादून के कार्यालय ज्ञाप संख्याः पी 1414/पी03–14/यू0आर0आर0डी0ए0/14, दिनांक 07 नवम्बर 2014 द्वारा प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। वर्तमान में इस गांव हेतु एक मात्र पैदल मार्ग ही उपलब्ध है, जिससे ग्राम वासियों को आवागमन, स्वास्थ्य, शिक्षा व घरेलू उपयोग की सामग्री के ढुलान हेतु अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है व गांव की पैदा होने वाली नगदी फसल को बाजार तक न पहुॅचने से आर्थिक नुकसान भी हो रहा है।

मार्ग निर्माण हेतु आरक्षित वन क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प न होने के कारण यह मार्ग आरक्षित वन भूमि के अर्न्तगत 1475 मीटर, 2950 मीटर सिविल वन भूमि तथा 450 मीटर नाप भूमि में निर्मित होकर गडथ तक निर्मित किया जायेगा।

अतः मार्ग निर्माण में पड़ने वाली आरक्षित व सिविल वन भूमि हस्तान्तरण, वृक्षों के पातन आदि के लिए यह प्रस्ताव स्वीकृति हेतु गठित किया गया है।

सहायक अभियन्ता,
पी०एम०जी०एस०वाई०,सिं०ख०,
उत्तरकाशी

अधिशासी अभियन्ता,
पी०एम०जी०एस०वाई०,सिं०ख०,
उत्तरकाशी